

## एक नजर में

### श्री सिंथेटिक्स कर्मचारियों की अति आवश्यक बैठक

**उज्जैन।** संयुक्त कर्मचारी कांग्रेस एवं श्री सिंथेटिक्स क्रेडिट को-आपरेटिव के संचालक प्रकाश सोलंकी ने स्थानीय शहीद पार्क उज्जैन पर दोपहर 12 बजे बैठक रखी गई है। बैठक में अभी तक कितने सदस्यों द्वारा दस्तावेज जमा किये गये है, इसकी जानकारी बैठक में देना है एवं शेष बचे कर्मचारियों एवं स्टाफ के सदस्यों के भी दस्तावेज एकत्रीकरण हेतु रूपरेखा बनाई जायेगी। सक्रिय सदस्यों सहित शेष बचे सदस्यों से उनके दस्तावेजों सहित अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक में उपस्थित होकर शीतलप्रसाद राठौर, अमरसिंह गेहलोत, रामचन्द्र चौधरी, शिवाजीराव शिंदे, राजेश समेले, रंजीत बोड़ाना, लोटिलाल तिवारी, मुकुटबिहारी एवं कार्यकारिणी के समस्त सदस्यों ने बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

### यादव युवा संगठन ने भक्तों को वितरित किया 500 लीटर फरियाली खीर प्रसाद



**उज्जैन।** यदुकुल के आराध्य देव भगवान श्री कृष्ण के जन्माष्टमी पर्व पर छोटे गोपाल मंदिर (टावर चौक) पर यादव युवा संगठन द्वारा 500 लीटर फरियाली खीर प्रसाद का वितरण किया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व समाजसेवी नारायण यादव के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में हर्ष उल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में निगम सभापति कलावती यादव, शेखर यादव, आर आर यादव, जमनालाल यादव, श्याम लाल यादव, मदनलाल यादव, संजय यादव, संतोष यादव, मनीष यादव, वीरेंद्र यादव, अर्जुन यादव, अनिल यादव, लखन यादव, संदीप यादव, राजेश यादव, नीरज यादव, प्रतिश यादव, हेमंत यादव, पंकज यादव, धर्मेंद्र यादव, आर के यादव, गोपाल यादव, शेलू यादव, शंकर यादव, राजकुमार यादव, विनय यादव, संतोष यादव आदि लोग उपस्थित थे।

### 21वीं स्टेट कराते प्रतियोगिता का शुभारंभ



**उज्जैन।** 21वीं राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता का शुभारंभ सुमन गार्डन में हुआ। रतलाम, इंदौर, महू, बालाघाट, सिवनी, अलीराजपुर, नर्मदापुरम सहित प्रदेश के 200 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। एससीकेएफआई इंडिया अध्यक्ष एवं एमपीएसकेए सचिव महेश कुशवाह की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि म.प्र. रग्बी फुटबॉल एसोसिएशनके अध्यक्ष राजेशसिंह कुशवाह एवं उज्जैन कराते प्रमोशन एंड एसोसिएशन अध्यक्ष राहुल पंड्या थे। अतिथियों का स्वागत हिमांशु कल्याणी, मोहन मनोजिया, कुलदीप सिसौदिया, उज्जैन कराते सचिव पूर्वा झाला, अलका कुशवाह, प्रियंका शर्मा द्वारा किया गया। आभार पूर्वा झाला ने माना।

### महावीर इंटरनेशनल वीरा केन्द्र का हुआ शपथ ग्रहण समारोह



**उज्जैन।** महावीर इंटरनेशनल वीरा केन्द्र का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। सत्र 2025-27 के लिए वीरा अनीता जैन ने अध्यक्ष, वीरा शकुंतला गादिया ने सचिव तथा वीरा मलका हिंगड़ ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की। शपथ संस्था के अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक भण्डारी ने दिलवाई तथा पूर्व पदाधिकारीयों के द्वारा पीन परिवर्तन किया गया। कार्यक्रम के पश्चात वीराओं के द्वारा पोधारोपण कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस अवसर पर उर्मिला भण्डारी, प्रेमलता सिरोलिया, ज्योति चंडालिया, नीता धवल, मंजूला लुणावत, जीवन सुराणा, कल्पना जैन, अनीता चौहान, संगीता जैन, हेमा जैन, मंजू सोनी, संगीता हरणीया, निर्मला तोतला, अंशू जैन आदि उपस्थित थी।

### दाऊदी बोहरा समाज ने किया पौधारोपण

**उज्जैन।** उज्जैन में दाऊदी बोहरा समाज ने हिज़ होलीनेस डॉ सैयदना मुफ़द्दर सैफुद्दीन के निर्देशानुसार 15 अगस्त के उपलक्ष्य में रविवार को बुरहानी फाउंडेशन के बैनर तले जांसापुरा स्थित डोसीआई में पांचों आमिर साहब के सदारत में समाजजनों ने बड़ी संख्या में विभिन्न प्रजाति के फलदार और छायादार पौधे का रोपण किया। आमिर शेख मोईज भाई जमाली ने बताया कि हिज़ होलीनेस डॉ सैयदना मुफ़द्दर सैफुद्दीन साहब का कहना है कि हरियाली हमेशा ताजगी देती है और हरियाली दुनिया के लिए ताजगी का सबब है। उन्होंने कहा कि डॉ सैफुद्दीन साहब का पैगाम था कि देशभर में सभी लोगों द्वारा अपने स्तर पर स्वतंत्रता दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर दाऊदी बोहरा समाज देशवासियों को हरियाली का संदेश दे। बोहरा समाज के पीआरओ शेख अली असगर भाई मोय्यादी ने बताया कि हिज़ होलीनेस डॉ मुफ़द्दर सैयदना सैफुद्दीन साहब के निर्देशानुसार 15 अगस्त के उपलक्ष्य में रविवार को बुरहानी फाउंडेशन के बैनर तले जांसापुरा स्थित डोसीआई में पांचों आमिर साहब के सदारत में समाजजनों ने बड़ी संख्या में विभिन्न प्रजाति के फलदार और छायादार पौधे का रोपण किया। इस दौरान पांचों आमिर साहब शेख मोईज भाई जमाली, कुरैश भाई साहब जमाली, शेख खोजेमा भाई बड़वानी वाला, शेख शब्बीर भाई बूंदीवाला, शेख नजमुद्दीन भाई बुरहानपुर वाला सहित बड़ी संख्या में बोहरा समाजजन मौजूद थे। सभी ने मिलकर पौधारोपण किया और सैयदना साहब के निर्देश का पालन करते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दिया। सैयदना साहब के निर्देश पर दाऊदी बोहरा समाज ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर समाजजनों ने कहा कि पौधारोपण करना न केवल पर्यावरण के लिए आवश्यक है, बल्कि यह हमारे भविष्य के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सैयदना साहब के निर्देश का पालन करते हुए हम सभी पौधारोपण कर रहे हैं और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे रहे हैं। दाऊदी बोहरा समाज ने सैयदना साहब के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

# आ रही है पालकी, जय श्री महाकाल की, आज निकलेगी राजसी सवारी

## 7 किलोमीटर का लंबा मार्ग रहेगा 70 भजन मंडलीयां होगी शामिल, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया करेंगे पालकी पूजन

**10 लाख श्रद्धालुओ के आने का प्रशासन ने किया दावा**

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकालेश्वर के आंगन से लेकर पूरे शहर को दुल्हन की तरह सजा दिया गया है,आज शाम 4:00 बजे बाबा महाकाल भक्तों को दर्शन देने के लिए रजत पालकी में आरूढ़ होकर भक्तों को दर्शन देने निकलेंगे ,मार्ग के दोनों छोर पर 10 लाख श्रद्धालूओ का कारवां रहेगा, यह दावा मंदिर प्रशासन द्वारा किया गया है।

नवभारत से चर्चा में मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि परंपरा अनुसार बाबा महाकाल भक्तों को दर्शन देने के लिए निकलेंगे, और यह मार्ग इस बार बदला हुआ रहेगा, 7 किलोमीटर लंबे मार्ग पर 70 भजन मंडली चलेंगी। महाकाल शाही सवारी, जिसे राजसी सवारी का नाम दे दिया गया है,उज्जैन में श्रावण-भाद्रपद मास में हर सोमवार को सवारी आयोजित की जाती है, यह छटी सवारी है,जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं।



**इन मार्गो से निकलेगी पालकी**

महाकाल की सवारी मंदिर से प्रारंभ होकर गुदरी चौराहा, बक्शी बाजार, कहारवाड़ी होते हुए रामघाट पहुंचेगी। रामघाट पर भगवान महाकाल को शिप्रा नदी के जल से स्नान कराया जाएगा। इसके बाद, सवारी रामानुजकोट, मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती का मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार और गुदरी बाजार से होते हुए वापस मंदिर लौटेगी।

यह एक भव्य यात्रा है । जिसके लिए जिला प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है। चर्चा में उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, पुलिस सुरक्षा चाकचौबंद है ,पूरे सवारी मार्ग पर पुलिस बल मौजूद रहेगा ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है।

**अधिकारी ,नेता, जनप्रतिनिधि, श्रद्धालु सब एक रूप**

भगवान महाकाल जब रजत पालकी में अरुण होकर भक्तों को दर्शन देने के लिए निकलते हैं तो क्या नेता राजनेता जन्मपत्नी दी साधु संत आम श्रद्धालु स्थानीय अधिकारी से लेकर हर कोई एक रूप हो जाता है सब बाबा महाकाल के रंग में रंगे दिखाई देते हैं ,मार्ग के दोनों छोर पर श्रद्धालुओं का बड़ा हुजूम दिखाई देता है ,देश और विदेश से श्रद्धालु इस सवारी में शिव भक्त होकर आते है, पुलिस, आर्मी, बैंड, तलवारबाज, घुड़सवार और हाथी भी शामिल होते हैं।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। शाम 4 बजे सवारी शुरू होती है और रात 10 बजे मंदिर पहुंचने का समय निर्धारित है। इस बीच श्रद्धालुओं की समुचित व्यवस्था और सुगम दर्शन के लिए जिला प्रशासन और मंदिर प्रशासन ने कई बार बैठक की है और मार्ग पर किसी प्रकार की सुविधा न हो इसके लिए विशेष ध्यान दिया है, दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए ट्राईसाईकिल और बुजुर्गों के लिए ई कार्ट की व्यवस्था भी की है। विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग बाबा महाकाल की सोमवार को निकलने वाली राजसी सवारी इस बार और भी भव्य और दिव्य होने जा रही है। इसे राजसी सवारी का नाम दिया गया है, जो शाम 4 बजे मंदिर से शुरू होगी। यह महाकाल की सवारी के इतिहास में एक अनूठी और अद्भुत है, जब राजसी ठाठ-बाट के साथ बाबा महाकाल नगर भ्रमण पर निकलेंगे। इस भव्य सवारी में करीब 70 भजन मंडलियां शामिल होंगी, जो अपनी भक्तिपूर्ण प्रस्तुतियों से पूरे रास्ते को गुंजायमान कर देंगी। इन मंडलियों के सदस्य पारंपरिक वेशभूषा में ढोल, झांझ और मंजीरे के साथ भजन गाते हुए चलेंगे।

# हमलावरों के साथ फुटेज में नजर आई युवती

## पुलिस की दो अलग-अलग टीम कर रही तलाश

**उज्जैन।** डी मार्ट के पीछे 14 अगस्त की शाम युवक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस को सुराग मिल गया है। फुटेज में युवती नजर आई है। हमले में 4 से 5 युवक भी शामिल थे। जिनकी तलाश में दो अलग-अलग टीम गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

नागझरी थाना क्षेत्र स्थित डी मार्ट के पीछे अगर के रहने वाले पप्पू पिता छगनलाल गोसर पर अज्ञात हमलावरो ने चाकूओ से जानलेवा हमला कर दिया था। पप्पू की हालत गंभीर होने पर उसे इंदौर रेफर किया गया है। उसकी स्थिति बयान देने लायक नहीं है बावजूद पुलिस अपने स्तर पर हमला करने वालो की तलाश कर रही है। दो अलग-अलग टीम घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखने में लगी है। एक स्थान पर लगे कैमरे में चार से पांच हमलावर दिखाई दिए हैं जिनके साथ एक युवती नजर आई है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने युवती की पहचान कर ली है जो मालनवासा की ही रहने वाली है, लेकिन वह परिवार सही थी लापता है। पुलिस सूत्रों के अनुसार हमले के समय दिखाई दी युवती के कुछ फोटो हमले में घायल युवक के मोबाइल में मिले हैं। दोनों बगलामुखी मंदिर आगर भी गए थे। मामले में थाना प्रभारी कमल निगवाल से जानकारी चाहिए गई तो उनका कहना था कि हमलावरों की तलाश की जा रही है जल्द ही गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा। इंदौर में उपचार के लिए भर्ती घायल वेंटिलेटर पर है जिनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

**कुएं में मिली लापता महिला की लाश**



उज्जैन। महिला की लाश रविवार सुबह कुएं से मिलन सामने आया है। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से महिला का शव बाहर निकाला है। जिसे दोपहर तक पोस्टमार्टम के लिए उज्जैन लाया गया। घटिया थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम जलवा में रहने वाली मनुबाई पति प्रभु लाल 42 वर्ष शनिवार को घर से निकली थी इसके बाद देर शाम तक घर नहीं पहुंची। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की नहीं मिलने पर रात में पुलिस को अवगत कराया। पुलिस महिला के लापता होने की जानकारी जुटा रही थी वहीं ग्रामीण और परिजन भी उसकी तलाश कर रहे थे। सुबह परिजन मनुबाई की तलाश में खेत पर भी पहुंचे इस दौरान शंका के आधार पर आसपास के कुओ में भी देखा गया। इसी बीच गोकुल बैरागी के कुएं में चप्पल तैरती दिखाई दी। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से कुएं में तलाश शुरू की गई कुछ देर बाद ही महिला का शव बाहर निकाल दिया गया। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया जा रहा है। महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए उज्जैन भेजा गया। प्रारंभिक जांच में मामला डूबने से मौत होना सामने आ रहा है। परिजनों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही महिला के साथ हुई घटना का सच सामने आ पाएगा।

## एन.एफ.एल.क्यू. प्रतियोगिता में विक्रम विश्वविद्यालय के पं. जे.एन.आई.बी.एम. टीम ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**उज्जैन।** विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के पंडित जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट (पं. जे.एन.आई.बी.एम.) की टीम ने हाल ही में इंदौर में आयोजित एन.एफ.एल.क्यू. (नेशनल फाइनेंशियल लिटरेसी क्विज़) प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कोहोर्ट में प्रथम स्थान और सेंट्रल रीजन में तीसरा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ ही टीम ने 20,000 रुपये का पुरस्कार भी जीता।

यह एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वित्तीय साक्षरता और निवेश के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह प्रतियोगिता नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स (एन आई एस एम) द्वारा आयोजित की जाती है, जो कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) का एक शैक्षणिक संस्थान है। प्रतियोगिता कई चरणों में आयोजित की जाती है, जिसमें क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर के राउंड शामिल होते हैं। इसमें विजेता टीमों को पुरस्कार और सम्मान दिया जाता है। पं. जे.एन.आई.बी.एम. टीम के सदस्य आदित्य पाठक और रोहित भट्ट ने अपनी मेहनत और कौशल के बल पर प्रतियोगिता में बेहतर अंक प्राप्त किए और अब एन.आई.एस.एम. कैंपस, नवी मुंबई में आयोजित होने वाले फाइनल राउंड के लिए क्वालिफाई कर गए हैं। टीम के मेंटर और पं. जे.एन.आई.बी.एम. के निदेशक डॉ. धर्मेंद्र मेहता ने छात्रों की इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और संस्थान की गुणवत्ता शिक्षा का परिणाम है। प्रतियोगिता में पं. जे.एन.आई.बी.एम. टीम का यह प्रदर्शन संस्थान की उत्कृष्ट अकादमिक और प्रशिक्षण क्षमताओं को दर्शाता है और भविष्य में और अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की उम्मीद जगाता है। साथ ही, पं. जे.एन.आई.बी.एम. में प्रवेश प्रक्रिया भी जारी है।

## कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान पर सवाल, पुन: विचार कर सही सृजन प्रतिभा खोजने की मांग

**उज्जैन।** कांग्रेस से महापौर पद के प्रत्याशी रहे दीपक मेहरा ने कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान पर सवाल खड़े करते हुए उज्जैन जिलाध्यक्ष महेश परमार और शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नाम पर पुन: विचार कर सही सृजन प्रतिभा खोजने की मांग की है। दीपक मेहरा ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा पूरे भारत देश में सृजन अभियान चलाया गया। उजजैन जिले में रागिनी नायक, नदीक जावेद को पार्टी ने पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। सृजन अभियान का मतलब होता है नई प्रतिभा की खोज लेकिन जैसे ही लिस्ट जारी हुई उज्जैन के इन प्रतिभाओं के नाम सुनकर उज्जैन जिला शहर कांग्रेस पार्टी में मातम छा गया। एक दूसरे से कांग्रेस कार्यकर्ता दबी जुबान में बात कर रहे हैं कि ये कैसा संगठन सृजन अभियान। नई प्रतिभा कहां है, विधानसभा का चुनाव, सांसद, महापौर का चुनाव लड़ चुके महेश परमार को कांग्रेस का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। उज्जैन जिले में कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ता नहीं रहे क्या। एक ही व्यक्ति को नेतागण द्वारा सारी हद पार करके नियुक्तियां दी गई। दीपक मेहरा ने मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी को संबोधित करते हुए कहा कि उज्जैन में सृजन नहीं हुआ है पुन: पर्यवेक्षक भेजकर सही से सृजन अभियान किया जावे।

## ऐसी रचनाएं लिखनी चाहिए कि पढ़ने - सुनने वालों के दिल में उतर जाएं : अकेला

### मालवी कवि स्व. शिव राठौर की पावन स्मृति में हुई आजादी महोत्सव काव्य गोष्ठी

**उज्जैन।** कविता ईश्वर द्वारा प्रदत्त उपहार है जो हमसे अनायास ही ऐसी काव्य पंक्तियों का सृजन करवा लेता है कि रचनाएं अमर हो जातीं हैं। एक कवि के रूप में हमें ऐसी ही पद्य रचनाएं लिखनी चाहिए कि पढ़ने - सुनने वालों के दिल में उतर जाएं।

ये विचार साहित्यिक संस्था डॉ. देवेन्द्र जोशी स्मृति साहित्य विमर्श परिषद द्वारा प्रख्यात मालवी कवि स्व. शिव राठौर जी की पावन स्मृति में आयोजित आजादी महोत्सव काव्य गोष्ठी में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में आशु कवि और वरिष्ठ गीतकार नरेन्द्र सिंह अकेला ने व्यक्त किये। आपने कहा कि काव्य गोष्ठियों के आयोजन से कवियों की रचनाओं में निखार और नवीनता आती है। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए साहित्यकार डॉ. हरीशकुमार सिंह ने कहा कि हमारे शहर की पहचान मालवी बोली के प्रसिद्ध कवियों से भी रही है और पूर्व में हरीश निगम, भावसार बा, मोहन सोनी, सूर्यकांत मेहता, झलक निगम, देवेंद्र जोशी और वर्तमान में शिव चौरसिया, डॉ शैलेंद्र शर्मा, कैलाश तरल, राजेश रावल, मुकेश जोशी, माया बदेका, सीमा देवेंद्र आदि ने इस परंपरा को समृद्ध किया है। मालवी कवि शिव राठौर भी इसी परंपरा के ख्यात कवि रहे जिन्हें आज हम याद कर रहे हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि जहाँ सूर्य भी नहीं पहुंच सकता कवि अपनी कल्पना से कहीं भी पहुंच सकता है। कवियों को अपनी रचनाओं से समाज में जनजागरण और संदेश फैलाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कवि सुगनचंद जैन थे।




काव्य गोष्ठी में कवि सर्वश्री रमेशचंद चंगेसिया, सुनीता शिव कवि राठौर, संगीता तल्लेरा, अनिल पांचाल सेवक, हरदीप दायले, श्वेतिमा निगम, सीमा देवेंद्र आदि ने काव्य पाठ किया। आरंभ में संस्था के गठन और उद्देश्यों पर सीमा देवेंद्र ने प्रकाश डाला। सरस्वती वंदना डॉ राजेश रावल ने प्रस्तुत की। अतिथि स्वागत संतोष सुपेकर, सेजवाल कछवाह, सुनीता शिव कवि राठौर आदि ने किया। संचालन मालवी कवि डॉ राजेश रावल ने किया और आभार सीमा देवेंद्र ने व्यक्त किया।

**धर्म** | श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे नारायणाधाम

# श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता स्थली का लिया दर्शन लाभ, राजसी सवारी निकाली

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण-सुदामा मंदिर नारायणा धाम में लगभग एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिया, बारिश होने के बाद भी श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं देखी गई। 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किये और महाप्रसादी का आनंद लिया। सुबह से रात तक धार्मिक आयोजन चलते रहे।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा अनुसार महिदपुर तहसील के अंतर्गत नारायण धाम में राजसी सवारी निकाली गई। नारायणा धाम का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। सुबह अभिषेक पूजन हुआ। दोपहर बाद इस्कॉन मंदिर उज्जैन से पारंपरिक श्रीकृष्ण-सुदामा सांदीपनि रथ यात्रा नारायणा धाम पहुंचा। दिनभर फलाहारी प्रसाद में साबूदाने की खीर बांटी गई। संत अभिराम दास त्यागी महाराज की भागवत कथा का समापन हुआ। इस अवसर पर रात 12 बजे महाआरती हुई और महाप्रसादी का वितरण हुआ। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि और गण मान्य नागरिक मौजूद थे प्रशासनिक अमले ने भी इसमें अच्छा सहयोग किया। इस अवसर पर उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने इंतजाम किए। अनुविभागीय अधिकारी अजय कुमार हिंगे भी मौजूद रहे। श्री कृष्ण सुदामा उत्सव समिति के समस्त सदस्यों ने इसमें अपना सहयोग किया, संस्कृति विभाग के निर्देशन में देशभर के विख्यात कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। पवन गोयल ने बताया कि सर्व विदित है कि श्री कृष्णा और सुदामा सांदीपनि आश्रम में अध्ययन करने के दौरान जंगल में लकड़ी एकत्रित करने पहुंचे थे और बारिश के चलते नारायण धाम में रात्रि विश्राम किया था तभी से इसे श्री कृष्ण सुदामा मित्रता स्थल नारायण धाम कहा गया।

